Government of Rajasthan
STATE PROJECT DIRECTORATE
Rashtriya Uchhatar Shiksha Abhiyaan (RUSA)
Telefax:0141-2706550; email: spdrusaraj@gmail.com

F.30 ( ) SPD/RUSA/2017/ 1249 Dated: 05-01-18

समस्त प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय :– कॉलेज स्तर पर आयोजित किये जाने वाला Entrepreneurship and Employment Fest/Fair 2018 का आयोजन किए जाने बाबत।

उपर्युक्त विषय में लेख है कि कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा कॉलेज स्तर पर Entrepreneurship and Employment Fest/Fair 2018 का आयोजन किया जाए, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है व उनकी उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन करना है।

इस Entrepreneurship and Employment Fest/Fair की सूचना DIC, Employment Exchange, RIICO, DST, MSME, ATDC LIC, SBI, ICICI Prudential, National Insurance etc. जैसी संस्थानों को भी रोजगार मेलें में आमंत्रित किया जाए। इसकी सूचना जिला कलेक्टर को भी भेजी जाए।

महाविद्यालयों के निकटस्थ इलाकों में जो औद्यागिक क्षेत्र है वहां की औद्योगिक इकाइयों से व्यक्तिशः संपर्क स्थापित कर उन्हे आमंत्रित किया जाए।

स्थानीय स्तर पर समाचार पत्रों/फ्लेक्स/बैनर इत्यादि द्वारा Entrepreneurship and Employment Fest/Fair का प्रचार करना है।

इस हेतु इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाया जाए।

यह रोजगार मेला अपने कॉलेज में 25 जनवरी तक आयोजित करना है।

बैंकों द्वारा लोन की सुविधा की जानकारी भी छात्र/छात्राओं को दी जाए, इस हेतु बैंकों को आमंत्रित किया जाए।

इस मेले में आने वाली कम्पनियों की संख्या व प्लेसमेन्ट की संख्या व एनरोलमेन्ट की संख्या की सूचना आयुक्तालय को भेजी जाए।

मेले की फोटोग्राफी कर फोटो को आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जाए।

रोजगार देने वाले प्रथम 5 महाविद्यालयों को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। मेले का व्यय छात्र निधि कोष/सीडीसी फण्ड से किया जाए।

— Sd —
संयुक्त निदेशक (रूसा)

प्रतिलिपि : I/C (Website) to be uploaded

संयुक्त निदेशक (रूसा)